भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 2308**
(जिसका उत्तर सोमवार, 08 जुलाई, 2019/17 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है)

**कृषि क्षेत्र के लिए विश्व बैंक सहायता**

**2308. श्री बी.वाई. राघवेन्द्रः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान विश्व बैंक द्वारा कृषि क्षेत्र हेतु प्रदान की गई सहायता का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या कृषि क्षेत्र को उक्त सहायता का पूर्ण लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;
(घ) क्या सरकार ने कृषि क्षेत्र में विश्व बैंक सहायता के अल्प-उपयोग की कोई जांच की है;
(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या परिणाम रहे हैं; और
(च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (च): राष्ट्रीय और/अथवा राज्य स्तर पर कृषि क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में लागू की जा रही विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजनाओं का गरीबी को कम करने और खुशहाली को साझा करने के दो उद्देश्य हैं। विश्व बैंक से प्राप्त सहायता संबंधित केंद्रीय मंत्रालय/विभाग अथवा राज्य सरकार को उनके द्वारा मांग के आधार पर दी जाती है। कृषि क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों को उपयुक्त ऋण सहायता से अभिप्रेत लाभ प्राप्त होता है। पिछले तीन वर्षों अर्थात् 2016-17 से 2018-19 (31.3.2019 की स्थितिनुसार) कृषि क्षेत्र में लागू की गई विश्व बैंक से सहायता प्राप्त परियोजनाओं का विस्तृत विवरण **अनुबंध** पर है। विश्व बैंक से कृषि क्षेत्र के लिए प्राप्त सहायता को कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए उपयोग किया जाता है जिससे कि ढांचागत सृजनात्मक के साथ-साथ कृषि उत्पादकता और परिवार आय में वृद्धि में सहायता होगी और सामाजिक कल्याण सेवाओं और मार्किट की दिशा में सुधार होगा। आवधिक रूप से परियोजना मॉनीटरिंग और समवर्ती मूल्यांकन किया जाता है तथापि, 'परियोजना समापन रिपोर्ट' के रूप में परियोजना के समाप्त होने पर प्रत्येक परियोजना का अंतिम विकास/आर्थिक प्रभाव का आंकलन किया जाता है।

******

अनुबंध

| क्रम सं. | क्षेत्र (केन्द्रीय/ राज्य) | परियोजना का नाम | मंत्रालय/राज्य सरकार का नाम | ऋण हस्ताक्षर करने की तारीख | ऋण राशि (शुद्ध रद्दीकरण) एक्सडीआर मिलियन में | वितरण(एक्सडीआर मिलियन में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 2016-2017 | 2017-2018 | 2018-2019 | 2019-2020 |
| 1. | राज्य | यूपी सोडिक लैंड रिक्लेमेशन परियोजना-III | उत्तर प्रदेश | 20.07.2009 | 127.30 | 9.18 | 18.60 | 0.50 | 0.00 |
| 2. | राज्य | महाराष्ट्र कृषि प्रतिस्पर्धा परियोजना | महाराष्ट्र | 02.11.2010 | 57.96 | 7.43 | 9.79 | 9.64 | 0.00 |
| 3. | राज्य | राजस्थान ग्रामीण आजीविका परियोजना | राजस्थान | 24.05.2011 | 76.98 | 22.53 | 20.35 | 3.54 | 0.00 |
| 4. | केन्द्रीय | राष्ट्रीयग्रामीण आजीविका परियोजना | ग्रामीण विकास मंत्रालय | 18.07.2011 | 334.00 | 65.16 | 78.22 | 14.30 | 0.00 |
| 5. | केन्द्रीय | उत्तर-पूर्वी ग्रामीण आजीविका परियोजना | पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय | 20.01.2012 | 80.80 | 12.26 | 20.93 | 13.32 | 5.07 |
| 6. | केन्द्रीय | राष्ट्रीय डेयरी सहायता परियोजना | कृषि मंत्रालय | 13.04.2012 | 155.87 | 30.03 | 20.12 | 25.98 | 10.43 |
| 7. | राज्य | राजस्थान कृषि प्रतिस्पर्धा परियोजना परियोजना | राजस्थान | 13.04.2012 | 56.57 | 2.32 | 7.06 | 12.29 | 3.60 |
| 8. | राज्य | हिमाचल प्रदेश मिड-हिमालयन वाटरशेड डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के लिए अतिरिक्त वित्तपोषण | हिमाचल प्रदेश | 20.11.2012 | 24.60 | 5.21 | 3.52 | 0.00 | 0.00 |
| 9. | राज्य | कर्नाटक वाटरशेड डेवलपमेंट-II | कर्नाटक | 11.02.2013 | 28.78 | 4.64 | 5.41 | 7.32 | 2.01 |
| 10. | राज्य | उत्तराखण्ड विकेन्द्रीकृत वाटरशेड डेवलपेंट-II | उत्तराखण्ड | 30.05.2014 | 78.80 | 7.41 | 12.12 | 13.41 | 6.87 |

| क्रम सं. | क्षेत्र (केन्द्रीय/ राज्य) | परियोजना का नाम | मंत्रालय/राज्य सरकार का नाम | ऋण हस्ताक्षर करने की तारीख | ऋण राशि (शुद्ध रद्दीकरण) यूएसडी मिलियन में | वितरण (यूएसडी मिलियन में) | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 2016-2017 | 2017-2018 | 2018-2019 | 2019-2020 |
| 11. | केन्द्रीय | सतत आजीविका और जलवायु परिवर्तन परियोजना के अनुकूलन | ग्रामीण विकास मंत्रालय | 13.02.2015 | 8.00 | 1.88 | 0.59 | 2.42 | 0.06 |
| 12. | राज्य | आंध्र प्रदेश ग्रामीण समावेशी विकास परियोजनाएँ | आंध्रप्रदेश | 16.11.2015 | 75.00 | 3.16 | 17.30 | 13.61 | 6.05 |
| 13. | केन्द्रीय | राष्ट्रीय वाटरशेड परियोजना (नीरांचल) | ग्रामीण विकास मंत्रालय | 14.01.2016 | 178.50 | 0.06 | 0.17 | 0.00 | 0.83 |
| 14. | राज्य | हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परयोजना | हिमाचल प्रदेश | 21.06.2016 | 135.00 | 0.91 | 1.58 | 4.01 | 1.86 |
| 15. | राज्य | बिहार परिवर्तनकारी विकास परियोजना | बिहार | 18.07.2016 | 290.00 | 14.7 | 38.17 | 42.5 | 18.21 |
| 16. | राज्य | झारखंड ग्रामीण विकास परियोजना के लिए अवसर | झारखंड | 28.07.2017 | 100.00 | 0.00 | 0.75 | 6.74 | 5.22 |
| 17. | केन्द्रीय | राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना | कृषि मंत्रालय | 16.10.2017 | 82.50 | 0.00 | 0.21 | 8.66 | 6.06 |
| 18. | राज्य | असम कृषि व्यवसाय और ग्रामीण परिवर्तन परियोजना | असम | 30.10.2017 | 200.00 | 0.00 | 0.50 | 3.94 | 4.12 |
| 19. | राज्य | तमिलनाडु सिंचाई कृषि आधुनिकीकरण परियोजना | तमिलनाडु | 26.12.2017 | 318.00 | 0.00 | 0.80 | 31.53 | 16.53 |
| 20. | राज्य | तमिलनाडु ग्रामीण परिवर्तन परियोजना | तमिलनाडु | 30.01.2018 | 100.00 | 0.00 | 0.25 | 0.29 | 0.23 |
| 21. | राज्य | जलवायु परिवर्तन कृषि पर महाराष्ट्र परियोजना | महाराष्ट्र | 06.04.2018 | 420.00 | 0.00 | 0.00 | 1.87 | 2.29 |
| 22. | राज्य | आंध्र प्रदेश सिंचाई और कृषि परिवर्तन परियोजना | आंध्र प्रदेश | 05.11.2018 | 172.20 | 0.00 | 0.00 | 28.43 | 0.00 |